क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 08.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जंगल में लगने वाली आग को कम करने के उद्देश्य से ''पिरूल लाओ–पैसे पाओ'' मिशन की शुरूआत करने पर जोर दिया।
- सरकार ने मानसून से पहले नालियों की सफाई और जल निकासी की कार्यवाही पूरा करने के निर्देश दिए हैं।
- प्रदेश के पर्वतीय जिलों में दो सौ छियालीस नए एमबीबीएस चिकित्सकों की तैनाती जल्द होगी।
- मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं बारिश का येलो अलर्ट जारी किया। बागेश्वर और चंपावत में हल्की से मध्यम बारिश के समाचार।

''पिरूल लाओ–पैसे पाओ'' मिशन

प्रदेश सरकार, जंगल में लगने वाली आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल को एकत्रित करने के लिए ''पिरूल लाओ–पैसे पाओ'' मिशन शुरू करेगी। आज देहरादून में वनाग्नि और आगामी मानसून सीजन को लेकर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित अधिकारियों को यह मिशन शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री धामी ने कहा कि वन विभाग और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफ़ी हद तक वनाग्नि पर काबू पाया जा चुका है और जल्द ही जंगल की आग को पूरी तरह बुझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे वनाग्नि को रोकने और जन जागरूकता के लिए फायर लाईन बनाने की कार्यवाही में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने इसमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने पर जोर दिया। इस दौरान वनाग्नि को रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के कुल 17 अधिकारियों और कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गयी है। जिसमें 10 कार्मिकों को निलंबित किया गया।

सीएम रुद्रप्रयाग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि को पूरी तरह से रोकने के लिए सभी सचिवों को अलग–अलग जिलों की जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सचिव जिलों में जाकर वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इस बीच श्री धामी ने रुद्रप्रयाग का दौरा कर रतूड़ा इंटर कॉलेज की ओर से आयोजित विशेष पहल के तहत जंगल में पिरुल एकत्रित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वनों से पिरूल एकत्रीकरण के लिए प्रभावी योजना बनाने और पिरूल संग्रहण केन्द्र बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पिरूल एकत्रीकरण के लिए दी जाने वाली धनराशि को भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

मानसून सीजन

आगामी मानसून सीजन को लेकर राज्य सरकार ने अभी से तैयारियां करनी शुरू कर दी हैं। देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून से पहले नालियों की सफाई, जल–निकासी और चैनलाईजेशन की कार्यवाही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में नदी किनारे सुरक्षा दीवारों के निर्माण और मरम्मत के कार्य समय पर पूरा करने को कहा गया। उन्होंने सभी पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट और संवेदनशील क्षेत्रों में वैली ब्रिज की पूर्ण व्यवस्था करने पर जोर दिया। श्री धामी ने कहा कि राज्य के सभी

डैम की गहराई और क्षेत्रफल की वर्तमान स्थिति जानने के लिए संबंधित विभागों की एक कोर्डिनेशन कमेटी बनाई जाए। उन्होंने कहा कि यह भी आकलन किया जाए कि डैम के बनने से लेकर वर्तमान समय तक डैम की गहराई और क्षेत्रफल में क्या अंतर आया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मानसून सीजन शुरू होने से पहले डेंगू, मलेरिया और अन्य जल जनित रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को जरूरी निर्देश दिए।

चारधाम

चारधाम यात्रा के दौरान लोगों को मौसम की जानकारी से संबंधित अलर्ट एसएमएस के माध्यम से मिलेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चारधाम और मौसम से संबंधित अन्य सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए सूचना तंत्र को मजबूत बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीकी का अधिकतम इस्तेमाल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सभी विभाग अपने स्तर पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही आपदा के नजरिए से संवेदनशील स्थलों और चारधाम यात्रा मार्गों पर जेसीबी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

चारधाम पंजीकरण

देश के विभिन्न प्रांतों से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। पंजीकरण करवाने के लिए भारी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। पंजीकरण कार्यालय के प्रभारी प्रेम अनंत ने बताया कि ऋषिकेश में यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने आठ पंजीकरण काउंटर खोले हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर और भी काउंटर बढ़ाए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रतिदिन प्रत्येक धाम के लिए एक हजार लोगों का पंजीकरण किया जाएगा। कुल मिला कर प्रतिदिन चार हजार यात्रियों का पंजीकरण होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए पंजीकरण कार्यालय के बाहर बारिश और धूप से बचाने के लिए टैंटों के साथ स्वास्थ्य केंद्र, ठंडे पानी के कूलर, यात्रियों के रहने के लिए वातानुकूलित डॉरमेट्री हाल, खाने–पीने की व्यवस्था की गई है।

केदारनाथ पंचमुखी डोली

भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली फाटा से चलकर आज अपने तीसरे पड़ाव गौरीकुंड पहुंच गई। डोली का रात्रि विश्राम गौरामाई मंदिर में होगा। डोली कल सुबह गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए रवाना होगी। डोली के केदारनाथ पहुंचने पर 10 मई को मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इससे पहले फाटा से गौरीकुंड के लिए डोली के प्रस्थान के दौरान जगह–जगह लोगों ने फूल बरसाए। स्कूली बच्चों व बाबा के भक्तों ने बाबा केदार का जयघोष किया।

डाक्टर

प्रदेश को दो सौ छियालीस नए एमबीबीएस चिकित्सक मिल गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय ने मार्च 2024 में पासआउट अनुबंधित चिकित्सकों की सूची सभी नौ पर्वतीय जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को तैनाती के लिए सौंप दी है। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के मुताबिक विभागीय अधिकारियों को नये चिकित्सकों की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर चारधाम यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले चिकित्सालयों व पर्वतीय क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों में करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी अपने—अपने जिलों में रिक्तियों के आधार पर बांडधारी चिकित्सकों को चिकित्सालय आवंटित करेंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट हुये इन सब चिकित्सकों को अनुबंध के तहत तैनाती दी गई है। इन सभी एमबीबीएस डॉक्टरों के लिए प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में पांच साल तक सेवाएं देना अनिवार्य है। गढ़वाल मंडल में 161 और कुमाऊं मंडल में 85 चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है।

लोक अदालत

देश में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अल्मोड़ा ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शची शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिले के सभी न्यायालयों में किया जाएगा। लोक अदालत में फौजदारी के वे वाद शामिल किए जाएंगे, जिनमें कानूनी राजीनामा हो सके। इसमें श्रम वाद, विवाह से सम्बन्धित वाद, अन्य दीवानी मामले, बैंक बाउंस, मोटर एक्सीडेंट, भूमि अधिग्रहण, राजस्व, मोटर वाहन अधिनियम के लंबित वादों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में ऐसे मामले भी निस्तारित किए जायेंगे जो अभी अदालत में आए ही नहीं हैं।

मतगणना

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने आज रुद्रप्रयाग स्थित अगस्त्यमुनि क्रीडा हॉल में स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र कक्षों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद उन्होंने मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी डिस्प्ले कक्ष में तैनात अधिकारियों को सतर्कता से सभी डिस्प्ले पर निगरानी बनाए रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों व पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने व समय—समय पर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने की अपेक्षा की।

एयर इंडिया एक्सप्रेस

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की हडताल के कारण 80 से अधिक उडाने रद्द कर दीं और बडी संख्या में उडानों में देरी हुई। एयरलाइंस के चालक दल के कर्मचारियों ने प्रबंधन की कुछ नीतियों के खिलाफ सामुहिक रूप से छुट्टी ले ली। केरल में चार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों से कल रात से उडानें बाधित रहीं। कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से चार अंतर्राष्ट्रीय उडानें और बैंगलुरू के लिए एक घरेलू विमान सेवा रद्द कर दी गईं।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस

आज विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस है। संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता तथा लोगों के स्वास्थ्य के लिए काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों के प्रति सम्मान प्राप्त करने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है।

## मौसम

बागेश्वर, चंपावत समेत राज्य में कहीं–कहीं आज हल्की से मध्यम बारिश हुई है, जबकि टिहरी, देहरादून, और हरिद्वार में बादल छाए हुए हैं। इसी बीच, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं। विभाग के अनुसार राज्य में 12 मई तक यही स्थिति बनी रहेगी। प्रदेश के बागेश्वर, चंपावत समेत विभिन्न जिलों में हो रही बारिश से इन जिलों के जंगलों मे लगी आग अब नियंत्रण में है।